'शहरी चिकित्सा सुविधाओं की तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों'

बीकानेर, (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने शनिवार को शेरेरां में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और पनपालसर में उप स्वास्थ्य केन्द्र के नए भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी चिकित्सा सुविधाओं की तर्ज पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाया जा रहा है। ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधाओं के लिए दूर न जाना पड़े, घर के आसपास ही बेहतरीन चिकित्सा सेवा उपलब्ध हो इसके मद्देनजर उप स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को सुदृढ़ बनाने हेतु नई स्वीकृतियां जारी की गई है।

इन स्वास्थ्य केन्द्रों में रिक्त पदों को भरने, बेहतरीन चिकित्सकीय उपकरण उपलब्ध करवाने, जांच और दवा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा स्वास्थ्य केन्द्र भवनों के पुनरूद्धार हेतु मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। लूणकरनसर क्षेत्र में भी इसी क्रम में स्वास्थ्य केन्द्रों भवनों के नवनिर्माण हेतु सतत रुप से राशि स्वीकृत की गई है। इन स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन जल्द निर्मित करवा आमजन को सुविधाएं मिलना सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पनपालसर उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन 55 लाख रूपए तथा शेरेरां में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन एक करोड़ 60 लाख रूपए की लागत से तैयार करवाया जायेगा।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने शेरेरां में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और पनपालसर में उप स्वास्थ्य केन्द्र के नए भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

इन स्वास्थ्य केन्द्रों के नए भवन निर्मित होने के बाद यहां ग्रामीणों को और गुणवत्तापरक चिकित्सा सुविधा मिले यह भी सुनिश्चित किया जायेगा। पनपालसर में स्व. ठाकुर भीवसिंह सांखला के परिवार द्वारा उप स्वास्थ्य केन्द्र हेतु उपलब्ध करवाई गई भूमि के लिए परिवार के प्रति आभार प्रकट करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि विकास कार्य में भामाशाहों का सहयोग सदैव सराहनीय रहा है। गांव के भामाशाहों ने जमीन दान कर मानव कल्याण और परोपकार का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया हैं। उन्होंने कहा कि गत एक वर्ष में राज्य सरकार ने संवेदनशीलता के साथ किसान, युवा, महिला सहित अन्य वंचित वर्ग कल्याण के लिए विशेष ध्यान दिया है। विकसित राजस्थान राज्य सरकार का संकल्प है प्रदेश भर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पेयजल बिजली आपूर्ति की बुनियादी सुविधाएं विकसित करने में संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने स्व. ठाकर भीवसिंह सांखला की सुपौत्री भावना कंवर द्वारा उप स्वास्थ्य केन्द्र का शिलान्यास करवाया। कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ देवेन्द्र चौधरी, सीएमएचओ डॉ राजेश गुप्ता, बीसीएमओ डॉ रमेश गुप्ता, अधिशासी अभियंता जे.पी. अरोड़ा सहित बम्बलू सरपंच हेतराम कूंकणा, उप सरपंच नारायण सिंह, रामनिवास कस्वां, आखाराम गोदारा, रामनिवास खीचड़, कतरियासर सरपंच सुरजाराम ज्याणी, रूणिया बड़ा बास के पूर्व सरपंच रामलाल गोदारा, पंचायत समिति सदस्य रविशंकर सरस्वा, हेमेरा सरपंच गणपत गोदारा सहित अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद थे।

- **पनपालसर उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन 55 लाख रूपए तथा शेरेरां में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन एक करोड़ 60 लाख रूपए की लागत से बनेगा**

आमजन की समस्याएं सुनी : खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने शनिवार को अपने निवास पर आम जन के अभाव अभियोग सुने। प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक ने जिला मुख्यालय और दूर दराज के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आमजन की परिवेदनाएं सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को दूरभाष पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को अपने विभाग से जुड़ी आमजन की समस्याओं के निस्तारण में प्राथमिकता रखने निर्देश दिए और कहा कि होने लायक कार्यों में अनावश्यक लापरवाही नहीं हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आमजन के हित में निर्णय लेकर प्रदेश के विकास की दिशा में प्रतिबद्धता से काम कर रही है। सभी अधिकारी राज्य सरकार की मंशा के अनुसार आमजन के हित में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उच्च स्तर पर होने लायक कार्यों के संबंध में सक्षम अधिकारियों के साथ आवश्यक समन्वय हो जिससे कार्यों को समय पर स्वीकृति दिलवाई जा सके।

चार पिस्टल सहित तीन बदमाश दबोचे

श्रीगंगानगर,(कासं)। डीएसटी और पुलिस ने तीन अलग-अलग जगह कार्रवाई कर चार पिस्टल बरामद की। साथ ही तीन लोगों को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों का रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है।

डीएसटी को इस बारे में जानकारी मिलने पर तीनों के ठिकानों पर दबिश दी। इनमें एक के पास दो और दो के पास एक-एक पिस्टल मिली। पुलिस टीम को जानकारी मिली थी कि पुरानी अबादी इलाके में वार्ड 12 में सात नंबर सरकारी स्कूल के पास रहने वाले मोहनलाल उर्फ मांडा पुत्र रामलाल के पास पिस्टल होने की आशंका है। वह इसका उपयोग किसी आपराधिक घटना के लिए कर सकता है। इस पर पुलिस टीम ने दबिश दी तो आरोपी के पास दो पिस्टल बरामद हुए। इस पर उसे गिरफ्तार किया गया।

वहीं जवाहर नगर थाने की पुलिस जब गश्त पर निकली तो उन्हें एक युवक के पिस्टल लेकर घूमने की जानकारी मिली। इस पर चूनावढ़ थाना क्षेत्र के गांव अक्कांवाली के रहने वाले लखवीर सिंह पुत्र गुरदीप सिंह को पकड़ा। उसके पास भी पिस्टल मिली। इस पर उसे थाने लाया गया।

इसी तरह लालगढ़ जाटान थाना क्षेत्र के गांव नौ टीकेडब्लयू खीचड़ांवाली के एक युवक के पास भी पिस्तौल होने की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और प्रियकांत उर्फ टोनी ताखर पुत्र जसपाल ताखर को गिरफ्तार किया। उसके पास भी एक पिस्टल बरामद हुई। तीनों आरोपियों को थाने लाकर पिस्तौल रखने के पीछे उनके इरादे की जानकारी जुटाई जा रही है।

सार-समाचार

गैस टैंकर दुखांतिका में श्रद्धांजलि दी

जयपुर में हुई गैस टैंकर दुखांतिका में मृतकों को नालंदा स्कूल के बच्चों ने श्रद्धांजलि दी।

बीकानेर, (कासं)। नालन्दा पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल की करूणा क्लब इकाई के द्वारा कल जयपुर में एल.पी.जी. गैस टैंकर दुखांतिका दुर्घटना में मृत लोगों के प्रति श्रद्धांजलि एवं शोक का सभा आयोजन किया गया। शोक सभा को सम्बोधित करते हुए शाला प्राचार्य राजेश रंगा ने कहा कि जो घटना घटित हुई है, वो मानव समाज को झकझोर देने वाली है। कितने लोग असामयिक मौत के आगोश में चले गए उन सभी को भगवान अपने श्री चरणों में स्थान दें। शाला प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को बताया कि इस दुखांतिका से हमें कुछ सबक लेना चाहिए। हमें यातायात के नियमों का पालन करना, हैलमेट का प्रयोग करना, हाईवे पर वाहन चलाते समय मोड़ पर गाड़ी की स्पीड को कम करना। करूणा क्लब प्रभारी हरिनारायण आचार्य ने बताया कि आज की परीक्षा की समाप्ति के बाद छात्र-छात्राओं ने इस एल.पी.जी. दुखांतिका में मृत लोगों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की मंगल कामना परम-पिता परमेश्वर से की। शोक सभा के दौरान वरिष्ठ साहित्यकार व राजस्थानी भाषा के प्रबल समर्थक कमल रंगा ने इस दुखांतिका को काफी भयावह बताते हुए सरकार से पूरजोर मांग की है कि सर्वप्रथम राष्ट्रीय राजमार्ग व राजकीय राजमार्ग पर बने यू-आकार के मार्ग को सही करवावें ताकि ऐसी दुखांतिका पुनः घटित न हो और मृत व्यक्तियों के परिवारजनों को आर्थिक संबल तथा सरकारी सहायता एवं उनके परिजनों को नौकरी देने की मांग की। घायलों का इलाज अच्छे अस्पताल में कराकर उन्हें राहत दिलाए और गंभीर रूप से घायलों के लिए आर्थिक सहायता भी करें। सभा का संचालन करते हुए आशीष रंगा ने बताया कि इस शोक सभा में शाला के उमेशसिंह चौहान, अविनाश व्यास, भवानी सिंह राठौड़, सीमा स्वामी, सीमा पालीवाल, कुसुमलता जोशी, कुसुम किराड़ू, हेमलता व्यास, प्रीति राठौड़, अंजू राव, कार्तिक मोदी, प्रवीण राठी, मुकेश तंवर, मुकेश देरासरी आदि उपस्थित थे।

रोजगार सहायता शिविर 24 को

बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने रोजगार सहायता शिविर के क्यू. आर. कोड का विमोचन किया।

बीकानेर, (कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय द्वारा 24 दिसम्बर को राजकीय आईटीआई (पुरुष) में होने वाले रोजगार सहायता शिविर के क्यूआर कोड का विमोचन किया। उन्होंने बताया कि बेरोजगार आशार्थी इस कोड के माध्यम से अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। शिविर प्रातः 9:30 बजे शुरू होगा। इसमें जिले के बेरोजगार आशार्थियों को रोजगार सहायता, स्वरोजगार और रोजगार के लिए मार्गदर्शन, सरकारी योजना और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी जायेगी। रोजगार कार्यालय द्वारा लगभग 12 हजार का आशार्थियों को एसएमएस के माध्यम से सूचित किया गया है। उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय के उपनिदेशक हरगोविंद मित्तल ने बताया कि शिविर के लिए निजी क्षेत्र के 17 प्रतिष्ठित संस्थानों ने अपना पंजीकरण करवाया है। इनमें एलएंडटी कंस्ट्रक्शन, स्किल डेस्क प्राइवेट लिमिटेड, सुरेंद्र माइक्रो फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, बीकानेर मोटर्स, बालाजी डिजिटल सर्विसेज और बीकानेर मोटर, बीका लाल फूड्स, बुल पावर एनर्जी, जनरल एनर्जी मैनेजमेंट सिस्टम एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस आदि प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान लगभग तेरह सौ पदों के लिए भर्ती हेतु चयन किया जायेगा।

सेल में बच्चे से काम, केस दर्ज

बीकानेर, (कासं)। एमजी रोड स्थित फड़ प्वाइंट के अंडर ग्राउंड में ऊनी कपड़ों की सेल में 10 साल के बच्चे से काम करवाया जा रहा था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बच्चे को मुक्त करवाया और मालिक के खिलाफ कोटगेट पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। मानव तस्करी विरोधी एवं गुमशुदा व्यक्ति प्रकोष्ठ के एएसआई ऋषि कुमार को सूचना मिली थी कि फड़ प्वाइंट स्थित जगदम्बा शुद्ध घी के अंडर ग्राउंड में ऊनी कपड़ों की सेल लगी है जिसमें 10 साल के बालक से काम करवाया जा रहा है। एएचटीयू की टीम मौके पर पहुंची तो वहां कसाईयों की बारी निवासी 10 साल का रेहान काम करता पाया गया। उसने पुलिस को बताया कि उसे 3000 रूपए महीने पर काम पर रखा गया है। वह सुबह 9 से रात को आठ बजे तक काम करता है। मौके पर कोई हाजरी रजिस्टर नहीं था। ऊनी कपड़ों की सेल का मालिक सोनू उर्फ मुज्जम्मिल मौके पर नहीं मिला।

'जयपुर दुखांतिका की एनएचएआई और टोल कंपनी जिम्मेदार'

बीकानेर, (कासं)। जयपुर में हुई दुखांतिका को लेकर पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने केन्द्र और राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाये हैं। उन्होंने बीकानेर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस घटना के लिए एनएचएआई और टोल कंपनी की लापरवाही जिम्मेदार है।

खाचरियावास ने एनएचएआई को सबसे भ्रष्ट संस्था करार देते हुए केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से इस्तीफे की मांग की है। उन्होंने कहा कि हादसे में जान गंवाने वालों के परिवारों को एक करोड़ रूपये का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जानी चाहिए। खाचरियावास ने दावा किया कि यदि टोल कंपनी ने शर्तों का पालन किया होता और कट को बंद नहीं किया जाता तो इस दुर्घटना से बचा जा सकता था। उन्होंने टोल कंपनी और एनएचएआई के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और मुकदमा दर्ज करने की मांग की। पूर्व मंत्री ने सवाल किया कि दुर्घटना के बाद बना जाम कब खत्म होगा और स्थानीय प्रशासन की भूमिका को लेकर उसकी जिम्मेदारी तय करने की बात कही। उन्होंने मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें फिल्मी कलाकारों की तरह व्यवहार करना बंद करना चाहिए।

बीकानेर देहात कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता को पूर्व मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने संबोधित किया।

नहर पानी चोरी का मामला दर्ज

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के केसरीसिंहपुर इलाके के गांव 16 एच घनजातियां में ट्रैक्टर के पंखे से पानी की पंपिंग करने और नहरी पानी की चोरी का मामला केसरीसिंहपुर थाने में दर्ज कराया।

गंगनहर के प्रोजेक्ट चेयरमैन हरविंद्र सिंह ने बताया कि गांव 16-17 एच घनजातियां के आसपास किसान नहर किनारे जा रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक ट्रैक्टर की आवाज सुनाई दी। नजदीक जाकर देखा तो ट्रैक्टर के जरिए पंपिंग कर नहर का पानी उठाते एक व्यक्ति मिला।

पानी को पाइप के जरिए पास की डिग्गी में भरा जा रहा था। इस पर किसानों ने संबंधित को रोका और सिंचाई विभाग को सूचना दी। मौके पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों को बुलाया गया। श्रीकरणपुर की एईएन रेखा कुमारी की ओर से इस संबंध में गांव 17 एच के गुरवरण सिंह पुत्र नाजम सिंह के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है।

तीन शातिर चोर गिरफ्तार, 17 वारदातें कबूली

बीकानेर, (कासं)। पुलिस ने खाजूवाला में तीन युवकों को चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। पूछताछ में तीनों बदमाशों ने चोरी की कई वारदातें कबूली है। अभी कुछ और चोरियों के बारे में इनसे पूछताछ की जा रही है।

खाजूवाला थानाधिकारी बलवंत कुमार ने बताया कि पुलिस की एक टीम गठित कर 3 शातिर चोरों को दबोचा गया है। गिरफ्तार युवकों में पवन कुमार निवासी वार्ड नंबर 20 निवासी खाजूवाला, ओमप्रकाश नायक निवासी वार्ड नंबर 17 खाजूवाला व सलमान निवासी वार्ड नंबर 17 निवासी खाजूवाला शामिल है। सुनील उर्फ बिल्ला पहले से चोरी के मामले में बीकानेर जेल में न्यायिक हिरासत में है। पुलिस ने गिरफ्तार किए चोरों से पूछताछ में खाजूवाला क्षेत्र के अलावा पीबीएम अस्पताल, रावला क्षेत्र में की गई 17 चोरियों की वारदातें कबूली है।

- **नशे का शोक पूरा करने के लिए बंद मकानों को निशाना बनाते थे**
- **खाजूवाला,पीबीएम व रावला में की चोरी**

नशे का शोक पूरा करने के लिए अक्सर बंद मकानों को अपना निशाना बनाते थे। जिसमें से खाजूवाला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर व व्यापारियों के घरों के अलावा दुकानों व मकानों के तालें तोड़कर सामान चुराते थे। खाजूवाला सीओ अमरजीत चावला ने बताया कि चोरों ने कुल 17 वारदातें करना स्वीकार किया है। अनुसंधान जारी है और टीम में पूगल थाना के एएसआई बाबूलाल यादव व हैड कानि. धर्माराम गोदारा की अहम भूमिका रही है।

आज नोखा बंद, व्यापारियों ने दिया समर्थन

नोखा, (कासं)। नवली गेट पर टी आकार में ओवरब्रिज बनाने की मांग की जा रही है। जिसे लेकर ओवरब्रिज संघर्ष समिति के बैनर तले धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। शुक्रवार को 5 वें दिन भी धरना जारी रहा। धरना स्थल पर भैंस के आगे हारमोनियम बजाते हुए लोगों ने प्रदर्शन किया।

नवली गेट पर प्रदर्शन करते हुए समिति के संयोजक मगनाराम केड़ली ने धरना स्थल पर भैंस के आगे हारमोनियम बजाते हुए संबंधित अधिकारी और स्थानीय नेताओं को चेताया। उन्होंने कहा कि समय रहते हुए अपनी नींद से जाग जाओ वरना आपकी नींद 22 दिसम्बर को जनता उड़ा देगी।

समिति के मीडिया प्रभारी एडवोकेट लेखराम चौहान ने बताया कि 22 दिसम्बर को नोखा शहर बंद के आव्हान पर शहर के दुकानदारों ने भी अपनी दुकानों पर पोस्टर लगाकर अपना समर्थन जताया है। इस दौरान समिति के सचिव एडवोकेट लालचंद छींपा, लिच्छुराम सारण, चरकडा सरपंच सवाई सिंह चरकड़ा, रायसर सरपंच शायर सिंह, ओम पानेचा, किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष भंवर लाल सारण, कैलाश छींपा, दिनेश सारण, मदन पटीर, रूघाराम नाई, बीरबल हियादेसर, रमेश सूरपुरा एवं समिति के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

- **नवली गेट पर टी आकार का ओवरब्रिज बनाने की मांग**

गायक रफीक सागर का निधन

बीकानेर,(कासं)। विख्यात फिल्म गायक रफीक सागर का निधन हो गया। रफीक सागर ने हिन्दी फिल्मों के साथ ही भोजपुरी फिल्मों में भी गाने गए थे।

छोटी-छोटी गैया, छोटे-छोटे ग्वाल...' भजन के साथ रफीक सागर चर्चा में आए थे। इस गीत को आज भी सोशल मीडिया पर रफीक सागर की आवाज सुना जाता है। रफीक के बेटे राजा हसन को हाल ही में फिल्म फेयर ओटीटी अवार्ड मिला। सागर परिवार के सदस्य ने बताया कि हार्ट अटैक के कारण उनका निधन हो गया।

बॉलीवुड और भोजपुरी फिल्मों में काम किया। उनके निधन की खबर से बीकानेर के कलाकारों, गायकों व साहित्यकारों में शोक की लहर है। रफीक सागर का अपना अनूठा अंदाज था। गजल और भजन दोनों में ही उनकी विशिष्टता थी।

एक हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास

श्रीगंगानगर,(कासं)। डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा है कि आने वाले समय में प्रदेश नई ऊंचाईयां छूएगा। हम और आप सब मिलकर राजस्थान को विकसित राजस्थान बनायेंगे। वे शनिवार को शहर के सेठ जी.एल. बिहाणी एस.डी. पीजी कॉलेज में हुए एक साल बेमिसाल कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम का आयोजन विधायक जयदीप बिहाणी की ओर से किया गया। स्वागत करते हुए विधायक जयदीप बिहाणी ने कहा कि एक मंच प्रदेश के मंत्रियों का एक साथ आना सुखद अनुभव है। उन्होंने डिप्टी सीएम बैरवा और अन्य मंत्रियों का श्रीगंगानगर पहुंचने पर स्वागत किया। मंच पर पहुंचने के बाद डिप्टी सीएम बैरवा और मंत्रियों ने एक हजार करोड़ रूपए की योजनाओं का शिलान्यास किया।

- **बेढ़म ने कहा कि एक साथ 7 विभागों के मंत्रियों का श्रीगंगानगर आना सुखद संकेत**

कार्यक्रम में प्रदेश के मंत्री के. के. बिश्नोई, जवाहर सिंह बेढ़म, सुरेश सिंह रावत, गौतम दक, अविनाश गहलोत,जोगाराम पटेल भी मौजूद थे।

बैरवा ने कहा कि सरकार ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का विस्तार कुछ इस तरह से किया है कि इसका लाभ सभी तक पहुंचे और कोई भी इससे वंचित नहीं रहे। उन्होंने कहा कि पालनहार योजना सहित कई योजनाओं के जरिए सरकार ने लाभ आमजन को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया है। मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा एक साथ सात-सात विभागों के मंत्रियों का श्रीगंगानगर आना सुखद संकेत है। राज्य सरकार के 75 प्रतिशत विभागों की जिम्मेदारी इनके पास है। ऐसे में माने तो प्रदेश के 70 प्रतिशत विभागों के जिम्मेवार आप लोगों की समस्याएं दूर करने आए हैं। किसानों, व्यापारियों, सहकारिता से जुड़े लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए मंत्री यहां बैठे हैं।

अनमोल रिश्ते टैलेंट शो 26 को

बीकानेर, (कासं)। रविन्द्र रंगमंच पर 26 दिसम्बर को एक बार फिर एक ही मंच पर सास-बहू, ननद-भाभी और देवरानी-जेठानी की जोड़ियां अपनी प्रतिभा का मंचन करती नजर आयेगी। नारी शक्ति एम्पावर संस्थान के अनमोल रिश्ते टैलेंट शो में ये नजर आएगी।

PUBLIC NOTICE

My client **Sh. Yuvraj Angad Singh S/o Sh. Mahendarpal Singh, R/o 26, Public Park, Sri Ganganagar**, is the owner of House No. 7-A-7, Measuring 15 Mtr. X 27 Mtr., facing West, situated in Jawahar Nagar, Sri Ganganagar.

Power of Attorney Dt. 20.06.1990 registered on 20.06.1990 at Sr. No. 186 executed by Sh. Parminder Singh in favour of Sh. Tejpal Singh, duly registered in the office of Registrar, Jagraon (Punjab), which forms a part of chain of title deeds of the property belonging to my client, has been lost and could not be traced out in spite of best efforts. Now my client Sh. Yuvraj Angad Singh wants to mortgage the captioned property to HDFC Bank Ltd., Sri Ganganagar. If anyone has any objection against the rightful title and possession of my client Sh. Yuvraj Angad Singh upon the aforesaid property, objections may be raised in writing within 7 days before the undersigned, otherwise no valid and enforceable objection shall be acceptable, against the title of my client. **(Udit Kinra) Advocate**

Address: 1, Vinoba Basti, Sri Ganganagar - 335001

Mob.: 84323-00001

बीकानेर पूर्व व पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के दस भाजपा मंडल अध्यक्ष के चुनाव कराये

बीकानेर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी बीकानेर शहर पूर्व व पश्चिम विधान सभा मंडल अध्यक्ष चुनाव आज संभाग मुख्यालय में सम्पन्न हुए।

शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य की अध्यक्षता में आज राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष व बीकानेर संगठन चुनाव प्रभारी ओंकार सिंह लखावत की उपस्थिति में मंडल अध्यक्ष के चुनाव हुए। जिसमें जिला पदाधिकारियों, प्रमुख कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्षों द्वारा मतपत्र के माध्यम से वोट डाले गए। चुनाव प्रभारी ओंकार सिंह ने बताया प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आज बीकानेर शहर की पूर्व व पश्चिम विधानसभा के दस मंडलों के चुनाव निष्पक्ष और गोपनीयता से करवाए गए।

चुनाव में सभी कार्यकर्ताओं ने जोश से भाग लिया और इस चुनाव को एक उत्सव की तरह अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सभी ने पूरी गोपनीयता के साथ अपना नाम मतपत्र में लिखकर निर्वाचन अधिकारी को जमा करवा दिए है। सभी मंडलों के नाम सील बंद लिफाफे में डालकर प्रदेश नेतृत्व को सौंप दिए जायेंगे। उसके बाद वोटिंग के आधार पर मंडलों को नए मंडल अध्यक्ष मिल जायेंगे। ये भारतीय जनता पार्टी के संगठन की खूबसूरती है जहां सभी चुनाव निष्पक्षता से किए जाते हैं। शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने कहा लोकतांत्रिक तरीके से आज मंडल अध्यक्षों के चुनाव सम्पन्न हुए। प्रत्येक कार्यकर्ता ने लिखित में मतपत्र के माध्यम से चुनाव अधिकारी को अपना नाम दिया। प्रदेश नेतृत्व जल्दी संगठन मंडल अध्यक्ष की घोषणा करेगा।

फोटो कैप्शन तीन जी-बीकानेर संगठन चुनाव प्रभारी ओंकार सिंह लखावत ने भाजपा संभाग कार्यालय में मंडल अध्यक्ष चुनाव कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

- **सभी मंडलों के नाम सील बंद लिफाफे में प्रदेश नेतृत्व को भेजेंगे**

चुनाव प्रक्रिया में भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सत्यप्रकाश आचार्य, महामंत्री मोहन सुराणा, श्याम सुंदर चौधरी, नरेश नायक, उपाध्यक्ष हनुमान सिंह चावड़ा, आनंद सिंह भाटी, विजय उपाध्याय, गोकुल जोशी, भगवान सिंह मेड़तिया मौजूद थे।

भाषण प्रतियोगिता

नोखा, (कासं)। मांगीलाल बागड़ी राजकीय महाविद्यालय नोखा में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की ओर से सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य राजपुरोहित ने बताया कि सर्वप्रथम राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी विशाल कुमार ने कार्यक्रम की भूमिका रखी। सभी प्रतिभागियों ने सोशल मीडिया के सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव पर अपने विचार रखे। प्राचार्य राजपुरोहित ने मानव स्वभाव के मनो वैज्ञानिक दृष्टिकोण को समझाते हुए वर्तमान में सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से युवाओं में बढ़ती हुई नशे की प्रवृति से दूर रहने तथा साइबर अपराधों एवं धोखाधड़ी से सावधान रहने का संदेश दिया। प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा तनिषा मरोठी प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा रेखा राठौड़ द्वितीय तथा एमए फाइनल की छात्रा राधा तृतीय स्थान पर रही।

कार्यालय खनि.अभियंता खान एवं भू विज्ञान विभाग, बीकानेर

क्रमांकःखअ/बीका/जिप्सम परमिट/2024-25/ दिनांकः-

जिप्सम परमिट नामान्तरण बाबत विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के क्षेत्राधिकार में स्वीकृत निम्नांकित जिप्सम परमिटधारी की मृत्यु हो चुकी है, अतः राजपत्र अप्रधान खनिज रियायत नियमावली 2017 के नियम 76(3) के अनुसार जिप्सम परमिटधारी के वारिसान द्वारा प्रार्थना पत्र पेश कर निम्नांकित जिप्सम परमिट का नामान्तरण करने का निवेदन किया गया है। जिप्सम परमिट नामान्तरण के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो मय दस्तावेज इस विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में दर्ज करावे, निर्धारित समयावधि पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नही होगी व नामान्तरण की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

क्र. सं.	रेफरेन्स नं.	क्षेत्र	खनिज	मृतक खनन पट्टाधरी जिसके नाम से खनन पट्टा धृत है।	मृत्यु की दिनॉक	मृतक के नामसानों के नाम एवं मृतक से संबंध		वारिसनामें द्वारा सहमति उत्तराधिकारी का का नाम जिसके पक्ष में नामान्तरण प्रस्तावित है।		विव.
						नाम	मृतक से संबंध	नाम	मृतक से संबंध	
.202433657	मुरब्बा/खसरा नं.23/55 ग्राम14 डीकेडी(ए) तहसील पूगल जिला बीकानेर	जिप्सम	श्रीलाल चंद पुत्र श्री मनीराम	18.09 2024		श्रीमति सीमा देवी श्री संजय श्री सुशील कुमार	पत्नि श्रीमती सीमा देवी पुत्र पुत्र			पत्नि

(महेश प्रकाश पुरोहित)खनि.अभियंता बीकानेर